Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अगस्त भाग-1 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. हीट वेव्स के विकास के लिये कौन-सी स्थितियाँ अनुकूल हैं?**

1. किसी क्षेत्र में गर्म शुष्क हवा की व्यापकता
2. ऊपरी वायुमंडल में नमी का अभाव
3. आकाश व्यावहारिक रूप से बादल रहित होना चाहिये
4. क्षेत्र पर बड़े आयाम का प्रतिचक्रवात प्रवाह

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 4
D. उपरोक्त सभी

**2. MSME के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सामान्यत: संयंत्र और मशीनरी/उपकरण में निवेश और वार्षिक व्यवसाय पर आधारित है।
2. सूक्ष्म श्रेणी के पात्रता मानदंड के अनुसार व्यवसाय 1 करोड़ से कम और 5 करोड़ रुपए के वार्षिक निवेश से अधिक नहीं होना चाहिये।
3. लघु श्रेणी में यह अनिवार्य है कि निवेश 10 करोड़ रुपये से कम और 50 करोड़ के वार्षिक व्यवसाय से अधिक नहीं होना चाहिये।
4. मध्यम श्रेणी के लिये निवेश सीमा 50 करोड़ से कम और 250 करोड़ रुपए के वार्षिक व्यवसाय से अधिक नहीं होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. उपरोक्त सभी

**3. ULLAS (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया।
2. इसे 15 से 35 वर्ष की आयु के नागरिकों के बीच सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AMC रेपो क्लियरिंग लिमिटेड (ARCL) कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो लेन-देन की सुविधा के लिये त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ प्रदान करता है, जो संपार्श्विक के रूप में प्रतिभूतियों द्वारा समर्थित दीर्घकालिक उधार हैं।
2. त्रिपक्षीय रेपो सेवाओं को वित्तीय लेन-देन के रूप में संदर्भित किया जाता है जहाँ एक तीसरा पक्ष, प्राय: एक संरक्षक या समाशोधन एजेंट, रेपो समझौते में शामिल दो पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

**5. महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना(MSSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना के तहत बालिकाओं सहित किसी भी आयु वर्ग की महिलाएँ न्यूनतम 1000 और अधिकतम जमा 2 लाख रुपए जमा राशि के साथ खाता खोल सकती हैं।
2. यह योजना 7.5% प्रतिवर्ष की ब्याज दर प्रदान करती है, जो त्रैमासिक आधार पर प्रदान की जाती है।
3. इसमें आंशिक निकासी का प्रावधान है एवं ब्याज दर में कोई कटौती किये बिना खाता खोलने के छह महीने के बाद किसी भी समय खाते को समय से पहले बंद करने की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**6. निम्नलिखित में से कौन केसलर सिंड्रोम को सही ढंग से परिभाषित करता है?**

A. अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की अत्यधिक मात्रा उपग्रहों के परिचालन में एक महत्त्वपूर्ण खतरा उत्पन्न करती है, जिससे उनके टकराव की संभावना बढ़ जाती है।

B. एक घटना जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण उपग्रह क्षय हो जाते हैं और वायुमंडल में फिर से प्रवेश करते हैं, जिससे फायरबॉल्स और ध्वनि तरंगें उत्पन्न होती हैं।

C. ऐसी स्थिति जिसमें पृथ्वी के चारों ओर विकिरण बेल्ट उपग्रहों के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में हस्तक्षेप करती है, जिससे वे खराब हो जाते हैं या विफल हो जाते हैं।

D. ऐसी स्थिति जिसमें सूर्य से निकलने वाली सौर वायु और कोरोनल द्रव्यमान उपग्रहों को हानि पहुँचाते हैं या नष्ट कर देते हैं, जिससे बिजली कटौती और भू-चुंबकीय तूफान उत्पन्न होते हैं।

**7. मैंग्रोव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया जाता है।
2. पश्चिम बंगाल का सुंदरबन क्षेत्र विश्व का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन क्षेत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**8. निम्नलिखित में से कौन-सी अकीरा रैनसमवेयर की विशेषताएँ हैं?**

A. यह एन्क्रिप्टेड फाइलों में .akira एक्सटेंशन जोड़ता है।

B. यह प्रभावित डिवाइस पर विंडोज़ शैडो वॉल्यूम प्रतियाँ हटा देता है।

C. यह उपयोगकर्त्ताओं को दुर्भावनापूर्ण फाइलें डाउनलोड करने के लिये बहकाने हेतु VPN सेवाओं का उपयोग करता है।

D. उपर्युक्त सभी

नोट :

**9. हाल ही में चर्चा में रहा कोकोस द्वीप समूह निम्नलिखित में से किस देश का भाग है?**

A. म्याँमार

B. ऑस्ट्रेलिया

C. पापुआ न्यू गिनी

D. मेडागास्कर

**10. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-वैधानिक निकाय है।
2. इसका मुख्य कार्य दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना है, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन भी शामिल है।
3. TRAI की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1. उत्तर और दक्षिण के बीच दबाव प्रवणता के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाएँ प्रायद्वीपीय क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर बहती हैं।**

**कथन 2. दक्षिण-पश्चिम मानसून में नमीयुक्त हवा दक्षिण-पश्चिम से तिब्बती पठार तक पहुँचती है, पठार की अधिक ऊँचाई के कारण ऊपर की ओर बढ़ती है और संघनित होती है जिससे बादलों का निर्माण होता है तथा अंततः वर्षा होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**12. खरीफ फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये सिंचाई और विकास के लिये मानसून के पुनरागमन और पूर्वोत्तर मानसून पर निर्भर रहती हैं।
2. भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इनका भाग 50% से भी अधिक है।
3. बाज़रा और दाल प्रमुख खरीफ फसलें हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**13. कोशिका-मुक्त या सेल-फ्री डीएनए (cfDNA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कोशिका मृत्यु या अन्य सेलुलर प्रक्रियाओं सहित विभिन्न परिस्थितियों में बाह्य कोशिकीय वातावरण में जारी किया जाता है।
2. 'जेमिनी (GEMINI)' परीक्षण उच्च सटीकता के साथ फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने के लिये cfDNA अनुक्रमण का उपयोग करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि अवसंरचना कोष (AIF) ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी समर्थन के माध्यम से फसल कटाई के बाद प्रबंधन अवसंरचना एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश के लिये एक मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा है।
2. खाद्य तेल-ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन (NMEO-OP) भारत में पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई एक योजना है, जिसमें हरित क्रांति के तहत चयनित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**15. वाइब्रेंट इंडिया के लिये पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना (PM-YASASVI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह योजना शिक्षा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।
2. इस योजना में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), SC, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (DNT) श्रेणियों के छात्रों को शामिल किया गया है, लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़ी जातियों (EBC) को शामिल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित में से कौन शहरी बाढ़ का कारण हो सकता है?**

1. जल निकासी मार्गों पर दबाव
2. जल निकायों का प्रदूषण
3. बिना सूचना के बाँधों से जल छोड़ा जाना
4. अवैध खनन

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 असंगठित श्रमिकों को उन लोगों के रूप में परिभाषित करता है जो बिना किसी नियमित रोज़गार या सामाजिक सुरक्षा लाभ के अनौपचारिक क्षेत्र या घरों में काम करते हैं।
2. इन योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सलाह और निगरानी के लिये असंगठित श्रमिकों हेतु राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड एवं राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत की गई है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गैलियम आर्सेनाइड एकमात्र अर्द्धचालक यौगिक है।
2. भारत चीन, ताइवान, अमेरिका और ईरान से सेमीकंडक्टर चिप्स आयात करता है।
3. भारत सेमीकंडक्टर मिशन वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**19. हाल ही में समाचारों में देखा गया 'MPOWER' शब्द निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. RBI द्वारा बैंकिंग धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अभियान है।

B. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विद्युत बिलों का भुगतान करने के लिये एक ऑनलाइन एप शुरू किया गया है।

C. तंबाकू के उपयोग और स्वास्थ्य पर इसके हानिकारक प्रभावों से निपटने हेतु WHO द्वारा विकसित रणनीतियों का एक समूह।

D. सरकारी योजनाओं की निगरानी हेतु नीति आयोग के लिये एक ऑनलाइन एप विकसित किया गया है।

**20. भारत में औपचारिक रोज़गार की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2021-22 के लिये NSO की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021-22 के लिये बेरोज़गारी दर 4.1% थी।
2. वर्ष 2017 और 2022 के बीच कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) में नियमित योगदानकर्त्ताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**21. विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक तटवर्त्ती राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे और उसके निकट एक EEZ का दावा कर सकता है जो उसकी समुद्री सीमा रेखा से 200 समुद्री मील तक विस्तृत होता है।
2. एक तटवर्त्ती राज्य को अपने EEZ के भीतर जल, धाराओं और वायु से ऊर्जा उत्पादन जैसी गतिविधियाँ करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**22. अमृत मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस मिशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ नल की पहुँच हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**23. "विवाद से विश्वास II" योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "विवाद से विश्वास II" योजना वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।
2. इस योजना का उद्देश्य संविदात्मक विवादों को कुशलतापूर्वक हल करना और सरकार के साथ व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना है।
3. इस योजना के कार्यान्वयन के लिये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायमूर्ति जी. रोहिणी की अध्यक्षता वाले आयोग की स्थापना अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उप-वर्गीकरण के लिये की गई था।
2. इस आयोग का गठन 2 अक्तूबर, 2017 को संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत किया गया था।।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ISFR 2021 के नवीनतम आकलन के अनुसार, भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण 8,09,537 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 24.62% है।
2. प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority- CAMPA) वर्ष 2002 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर स्थापित एक संस्था है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**26. भारत में गन्ने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्राज़ील के बाद भारत गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. महाराष्ट्र भारत में शीर्ष गन्ना उत्पादक राज्यों में से एक है।
3. उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य है, चीनी मिलें किसानों से गन्ने की खरीद इस मूल्य पर करने को बाध्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**27. POCSO अधिनियम, 2012 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था।
2. POCSO नियमों के तहत बाल कल्याण समिति (CWC) आवश्यक ज़रूरतों के लिये अनिवार्य, तत्काल भुगतान लागू करती है।
3. इस अधिनियम के तहत 'यौन उत्पीड़न' के अपराध को स्पष्ट शब्दों में (बढ़ी हुई न्यूनतम सज़ा के साथ) परिभाषित किया गया है, जो कि भारतीय दंड संहिता में 'महिला की लज्जा भंग करने' की अमूर्त परिभाषा के विपरीत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**28. सुपरकंडक्टर्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सुपरकंडक्टर्स ऐसी सामग्रियाँ हैं जो बेहद कम तापमान पर ठंडा होने पर शून्य विद्युत प्रतिरोध प्रदर्शित करती हैं।
2. हाल ही में खोजी गई सामग्री LK-99 कमरे के तापमान और दबाव पर कार्य करने वाला सुपरकंडक्टर है।
3. यह गुण उन्हें बिना ऊर्जा क्षति के विद्युत संचालित करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**29. कथन-I: हिमालयी गिद्ध की सीमा भारत, नेपाल, भूटान और चीन सहित कई देशों तक फैली हुई है, जहाँ यह चुनौतीपूर्ण ऊँचाई वाले वातावरण में रहता है।**

**कथन-II: IUCN रेड सूची के अंतर्गत हिमालयी गिद्ध को गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**नोट :**

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन (NIDHI) कार्यक्रम के घटक हैं?**

1. NIDHI-PRAYAS (युवा और महत्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना और उनमें तेज़ी लाना)
2. NIDHI उद्यमी-इन-रेज़िडेंस (EIR) कार्यक्रम
3. NIDHI बीज सहायता कार्यक्रम
4. टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (TBI) और उत्कृष्टता केंद्र (CoE)

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**31. 'नदी देविका कायाकल्प परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह परियोजना राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत शुरू की गई थी।
2. देविका नदी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले में पहाड़ी शुद्ध महादेव मंदिर से निकलती है।
3. देविका नदी पश्चिमी पंजाब की ओर बहती है जहाँ यह ब्यास नदी में मिल जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**32. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. लीबिया
2. मॉरिटानिया
3. बुर्किना फासो
4. माली
5. घाना
6. बेनिन

**उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमाएँ नाइजर के साथ लगती हैं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. केवल पाँच

**33. 'नामकरण की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली' के बारे में कभी-कभी निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में बात की जाती है?**

A. वह प्रणाली जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किये जाने वाले प्रत्येक उत्पाद हेतु एक अद्वितीय कोड निर्दिष्ट करती है।
B. इस प्रणाली का उपयोग पशुओं और पौधों को उनकी आनुवंशिक विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत करने के लिये किया जाता है।
C. वह प्रणाली जो पुस्तकों और प्रकाशनों को उनकी विषय-वस्तु के आधार पर वर्गीकृत करती है।
D. इस प्रणाली का उपयोग किसी विशिष्ट देश में वाहनों के लाइसेंस प्लेट नंबर निर्दिष्ट करने के लिये किया जाता है।

**नोट :**

**34. कथन -I: सामरिक पेट्रोलियम भंडार ( SPR ) कच्चे तेल के वे भंडार हैं जिन्हें भू-राजनीतिक अनिश्चितता या आपूर्ति व्यवधान के समय में कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु देशों द्वारा बनाए रखा जाता है।**

**कथन-II: विश्व का सबसे बड़ा वैश्विक सामरिक पेट्रोलियम भंडार चीन में स्थित है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**35.भारतनेट परियोजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्तूबर 2011 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारतनेट प्रोजेक्ट कर दिया गया।
2. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है।
3. भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**36. भारत छोड़ो आंदोलन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे कैबिनेट मिशन योजना की प्रतिक्रिया में महात्मा गांधी द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. इसकी शुरुआत 8 अगस्त, 1942 को कलकत्ता में अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस समिति के सत्र में की गई थी।
3. 'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहरअली ने दिया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**37. हाल ही में भारत में अद्यतन राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिशा-निर्देश 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को मृत दाताओं से अंग प्राप्त करने की अनुमति देते हैं।
2. दिशा-निर्देशों के अनुसार रोगियों को अंग प्रत्यारोपण के लिये केवल अपने निवास स्थान में ही पंजीकरण कराना होगा।
3. दिशा-निर्देश अंग प्राप्तकर्त्ता पंजीकरण के लिये पंजीकरण शुल्क अनिवार्य करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**38. भारतीय रेलवे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका अपना शुभंकर भोलू है, जो रेलवे गार्ड की पोशाक पहने एक बाघ है, जिसे वर्ष 2002 में राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान द्वारा बनाया गया था।
2. दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, भारतीय रेलवे के लिये यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र विश्व धरोहर स्थल है।
3. भारतीय रेलवे के पास विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज, चिनाब रेल ब्रिज है, जो जम्मू-कश्मीर के धरोट में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**39. निम्नलिखित में से कौन-से बायोमास पेलेट्स और कोयले की को-फायरिंग के लाभ हैं?**

1. कार्बन उत्सर्जन में कमी
2. नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण
3. आर्थिक और विनियामक लाभ
4. कोयले की गुणवत्ता में सुधार

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**40. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स (यूनिवर्सियाड) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनिवर्सियाड जिसमें ओलंपिक खेलों के समान खेलों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित की जाती है।
2. इसका आयोजन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेडरेशन (FISU) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**41. नगर वन योजना (शहरी वन योजना) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व वन्यजीव कोष भारत और प्रधानमंत्री जलवायु परिवर्तन पर परिषद की एक संयुक्त पहल है।
2. इस योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में एक दूरदर्शी उद्देश्य के साथ की गई थी, इसके अंतर्गत नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पालिकाओं और शहरी स्थानीय निकायों वाले शहरों में 1000 नगर वनों (शहरी वन) का निर्माण कार्य शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**42. इंटरपोल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1923 में की गई थी और भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. इसका मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है।
3. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) इंटरपोल ग्लोबल अकादमी नेटवर्क के दस सदस्यों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बड़े बाँधों के निर्माण के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।
2. ओडिशा में महानदी पर बना हीराकुंड बाँध भारत का सबसे पुराना और लंबा बाँध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये खेल-आधारित शिक्षण सामग्री प्रदान करना है?**

A. उभरते भारत के लिये पीएम स्कूल (SHRI)
B. समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल (NIPUN) भारत मिशन
C. स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिये राष्ट्रीय पहल (NISHTHA)
D. फाउंडेशनल स्टेज और जादुई पिटारा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF FS)

**45. मंगल ग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंगल का लाल रंग नाइट्रोजन युक्त वातावरण के कारण है।
2. सौर मंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी, जिसे ओलंपस मॉन्स के नाम से जाना जाता है, मंगल ग्रह पर स्थित है।
3. मंगल ग्रह का वातावरण मुख्य रूप से ऑक्सीजन से बना है।
4. मंगल की सतह पर तरल जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**46. गुणवत्ता रोपण सामग्री ( QPM ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. QPM प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है कि रोपण सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों को पूरा करती है और अभीष्ट/इच्छित उद्देश्य के लिये उपयुक्त है।
2. QPM राजस्व को बढ़ाने, प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों की अनुकूलन क्षमता में सुधार करने और गुणवत्ता वाले कच्चे माल की बाज़ारों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये कृषि-वानिकी में एक आवश्यक निविष्टि (input) है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**47. कथन-I: छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी विद्युत क्षमता 300 मेगावाट (e) प्रति यूनिट तक है, जो पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता का लगभग एक-तिहाई है।**

**कथन-II: हालाँकि छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की तुलना में कम सुरक्षा सुविधाएँ होती हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**48. कपास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह एक खरीफ की फसल है।
2. यह सूखा प्रतिरोधी फसल है जो शुष्क जलवायु के लिये आदर्श मानी जाती है।
3. कपास के लिये आवश्यक इष्टतम तापमान 21-30°C के बीच है।
4. इसे लगभग 50 से 100 सेमी. वर्षा की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**49. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें एक अध्यक्ष तथा दो से अधिक पूर्णकालिक सदस्य और दो से अधिक अंशकालिक सदस्य नहीं होते हैं।
2. TRAI की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**50. भारतीय नौसेना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा की गई थी।
2. इसकी अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत का राष्ट्रपति करता है।
3. यह चक्र, सिंधुघोष और शिशुमार नामक तीन श्रेणियों की पनडुब्बियों का संचालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**51. 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की कृषि उप-समिति की सिफारिशों पर की गई है।
2. इसे मुख्य रूप से चावल, गेहूँ, दलहन जैसी लक्षित फसलों के उत्पादन में धारणीय वृद्धि के साथ कदन्न, पोषक अनाज और तिलहन तक विस्तारित किया गया।
3. कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने के लिये उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित, उत्पादित और किसानों को वितरित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**52. आयुष्मान भारत-PMJAY के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक पात्रता-आधारित योजना है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) एक नोडल एजेंसी है जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को उन अन्य डेटाबेस का उपयोग करने का विकल्प दिया है जिनमें उन परिवारों को कवर करने के लिये लोगों की पृष्ठभूमि और आर्थिक स्थितियों के बारे में समान जानकारी है जो एसईसीसी, 2011 में सत्यापित नहीं थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**53. भारत निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'जायद तलवार' अभ्यास आयोजित करता है?**

A. संयुक्त अरब अमीरात
B. सऊदी अरब
C. ओमान
D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अप्रैल 2023 तक स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता में भारत विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है।
2. गुजरात राज्य ज़मीनी स्तर से 120 मीटर ऊपर पवन ऊर्जा क्षमता में सबसे अधिक है।
3. राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति का उद्देश्य भारतीय तट के साथ भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में अपतटीय पवन ऊर्जा विकसित करना है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

**55. संसद की प्रवर समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रवर समितियों को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएँ और नियम, संसद के प्रक्रिया नियमों के अंतर्गत परिभाषित किये गए हैं।
2. प्रवर समिति का गठन विधेयक के प्रभारी मंत्री या संसद के किसी सदस्य द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव के माध्यम से शुरू किया जा सकता है।
3. यह कुल सदस्यों की संख्या के एक-तिहाई के कोरम के साथ संचालित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लसीका फाइलेरिया एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग है जो जीवाणु संक्रमण के कारण होता है।
2. भारत का लक्ष्य एक मिशन-संचालित रणनीति के माध्यम से वैश्विक लक्ष्य से तीन वर्ष पूर्व 2027 तक लसीका फाइलेरिया को समाप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. अटल भूजल योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्थायी भूजल प्रबंधन की सुविधा के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना को भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित किया जा रहा है।
3. इसे भारत के सभी राज्यों में जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों में लागू किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**58. स्वास्थ्य तथा कल्याण सेलेब्रिटीज़ के लिये अतिरिक्त दिशा-निर्देशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रमाणित चिकित्सकों और स्वास्थ्य एवं फिटनेस विशेषज्ञों को जानकारी साझा करते समय, उत्पादों या सेवाओं का प्रचार करते समय या स्वास्थ्य संबंधी कोई भी दावा करते समय यह बताना चाहिये कि वे प्रमाणित स्वास्थ्य/फिटनेस विशेषज्ञ और चिकित्सा व्यवसायी हैं।
2. सामान्य कल्याण और स्वास्थ्य सलाह, जो विशिष्ट उत्पादों, सेवाओं, स्वास्थ्य स्थितियों या परिणामों से संबंधित नहीं हैं, इन नियमों से मुक्त हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 2023 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) योजना को "प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA)" के रूप में फिर से लॉन्च किया गया है।
2. PM-USHA एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**60. कथन-I: अपस्फीति का तात्पर्य अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के समग्र मूल्य स्तर में निरंतर और सामान्य कमी से है।**

**कथन-II: अपस्फीति के दौरान उपभोक्ताओं को समय के साथ समान राशि से कम सामान और सेवाएँ खरीदनी पड़ती हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हीट वेव, चरम गर्म मौसम की लंबी अवधि होती है जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।
- भारत में हीट वेव घोषित करने हेतु IMD के मानदंड:
  - यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो इसे हीट वेव की स्थिति माना जाता है।

### हीट वेव हेतु अनुकूल परिस्थितियाँ:

- किसी क्षेत्र में गर्म शुष्क हवा का परिवहन/प्रसार (क्षेत्र में गर्म हवा के परिवहन के लिये गर्म शुष्क हवा का एक क्षेत्र और उचित प्रवाह पैटर्न होना चाहिये)।
- ऊपरी वायुमंडल में नमी की अनुपस्थिति (क्योंकि नमी की उपस्थिति तापमान वृद्धि को रोकती है)।
- आकाश व्यावहारिक रूप से बादल रहित होना चाहिये (क्षेत्र में अधिकतम इंसुलेशन की अनुमति देने के लिये)।
- क्षेत्र पर बड़े आयाम का प्रतिचक्रवात प्रवाह। **अतः सभी कथन सही हैं।**

हीट वेव आमतौर पर उत्तर-पश्चिम भारत में विकसित होती हैं और धीरे-धीरे पूर्व और दक्षिण की ओर फैलती हैं, लेकिन पश्चिम की ओर नहीं (क्योंकि मौसम के दौरान प्रचलित हवाएँ पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर प्रवाहित होती हैं)। लेकिन कुछ अवसरों पर अनुकूल परिस्थितियों में किसी भी क्षेत्र में हीट वेव भी विकसित हो सकती हैं।

**2.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- MSME से तात्पर्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से है। भारत का MSME क्षेत्र देश की कुल GDP में लगभग 33% का योगदान देता है, हालाँकि वर्ष 2028 तक इसका भारत के कुल निर्यात में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान करने का अनुमान है।

What's MSME

Revised Classification applicable w.e.f 1st July 2020

Composite Criteria: Investment in Plant & Machinery/equipment and Annual Turnover

| CLASSIFICATION | MICRO | SMALL | MEDIUM |
| --- | --- | --- | --- |
| Manufacturing Enterprises and Enterprises rendering Services | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.1 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 5 crore | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.10 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 50 crore | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.50 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 250 crore |

- अत: सभी कथन सही हैं।

**3.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ULLAS:** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ULLAS (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) भारत सरकार द्वारा आजीवन सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने और 15 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के नागरिकों के बीच बुनियादी साक्षरता एवं महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल में अंतर को कम करने के लिये शुरू की गई एक परिवर्तनकारी पहल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

### AMC रेपो क्लियरिंग लिमिटेड ( AMC Repo Clearing Limited- ARCL )

- ARCL एक सीमित प्रयोजन समाशोधन निगम (Limited Purpose Clearing Corporation) है जो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (National Stock Exchange- NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (Bombay Stock Exchange-BSE) पर कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में किये गए सभी ट्रेडों के लिये समाशोधन और निपटान सेवाएँ प्रदान करता है।
- इसे स्टॉक एक्सचेंज और क्लियरिंग कॉर्पोरेशन (Stock Exchanges and Clearing Corporations-SECC) विनियम, 2018 के तहत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India-SEBI) से सैद्धांतिक मंज़ूरी मिल गई है।
- ARCL कॉर्पोरेट बॉण्ड में रेपो लेन-देन की सुविधा के लिये त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ और केंद्रीय प्रतिपक्ष सेवाएँ प्रदान करता है जो संपार्श्विक के रूप में प्रतिभूतियों द्वारा समर्थित अल्पकालिक उधार हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ: त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ वित्तीय लेन-देन हैं जहाँ एक तीसरा पक्ष, प्राय: एक संरक्षक या समाशोधन एजेंट, पुनर्खरीद समझौते (रेपो) में शामिल दो पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (MSSC) आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक लघु बचत योजना है, जिसका उद्देश्य महिला निवेशकों को प्रोत्साहित करना है।
- बालिकाओं सहित किसी भी आयु वर्ग की महिलाएँ, मार्च 2025 तक दो वर्ष की अवधि के लिये न्यूनतम 1000 रुपए और अधिकतम 2 लाख रुपए जमा के साथ MSSC खाता खोल सकती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत अब तक 14,83,980 खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल 8,630 करोड़ रुपए जमा हैं।

नोट :

- यह योजना 7.5% प्रतिवर्ष की आकर्षक ब्याज दर प्रदान करती है जिसकी गणना त्रैमासिक रूप से की जाती है, साथ ही खाता खोलने के छह माह के बाद किसी भी समय खाते से आंशिक निकासी करने और खाते को समय से पूर्व बंद करने का प्रावधान है, लेकिन ब्याज दर 2% कम हो जाती है। **अतः कथन 2 सही है तथा 3 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## अंतरिक्ष मलबा:

- **परिचय:**
  - अंतरिक्ष मलबा पृथ्वी की कक्षा में उन मानव निर्मित वस्तुओं को संदर्भित करता है जो अब किसी उपयोगी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करती हैं।
  - अंतरिक्ष मलबे में प्रयोग किये गए रॉकेट, निष्क्रिय उपग्रह, अंतरिक्ष निकायों के टुकड़े और एंटी-सैटेलाइट सिस्टम (ASAT) से उत्पन्न मलबा शामिल होता है।
- **अंतरिक्ष मलबे से खतरा:**
  - समुद्री जीवन को ख़तरा:
    - इसके महासागरों में गिरने की संभावनाएं अधिक हैं क्योंकि पृथ्वी की सतह का 70% भाग महासागरों से घिरा हुआ है, बड़ी वस्तुएँ (मलबा) समुद्री जीवन के लिये खतरा और प्रदूषण का स्रोत बन सकती हैं।
  - संचालित उपग्रहों के लिये खतरा:
    - तैरता हुआ अंतरिक्ष मलबा परिचालन उपग्रहों हेतु संभावित खतरा है क्योंकि इन मलबों से टकराने से उपग्रह नष्ट हो सकते हैं।
- केसलर सिंड्रोम अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की अत्यधिक मात्रा को संदर्भित करता है। **अतः विकल्प A सही उत्तर है।**
  - कक्षीय स्लॉट की कमी:
    - विशिष्ट कक्षीय क्षेत्रों में अंतरिक्ष मलबे का संचय भविष्य के मिशनों हेतु वांछित कक्षीय स्लॉट की उपलब्धता को सीमित कर सकता है।
  - अंतरिक्ष स्थिति के प्रति जागरूकता:
- अंतरिक्ष मलबे की बढ़ती मात्रा उपग्रह संचालकों एवं अंतरिक्ष एजेंसियों को अंतरिक्ष में वस्तुओं की कक्षाओं को सटीक रूप से ट्रैक करने तथा भविष्यवाणी करने हेतु अधिक चुनौतियाँ उत्पन्न करती है।

**7.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## भारत में मैंग्रोव की स्थिति:

- **परिचय:**
  - मैंग्रोव उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक अद्वितीय तटीय पारिस्थितिकी तंत्र है। ये नमक-सहिष्णु वृक्षों तथा झाड़ियों के घने वन हैं जो अंतर्ज्वारीय क्षेत्रों- जहाँ भूमि और समुद्र मिलते हैं, में विकसित होते हैं।
  - इन पारिस्थितिक तंत्रों की विशेषता खारे पानी, ज्वारीय विविधताओं और कीचड़युक्त, ऑक्सीजन-रहित मृदा जैसी कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता है।
- **विशेषताएँ:**
  - मैंग्रोव प्रजनन के जरायुजता मोड (Viviparity Mode) को प्रदर्शित करते हैं, जहाँ बीज ज़मीन पर गिरने से पहले पेड़ के भीतर अंकुरित होते हैं।
    - खारे पानी में अंकुरण की चुनौती को दूर करने के लिये जरायुजता (Viviparity) एक अनुकूली तंत्र है।

- कुछ मैंग्रोव प्रजातियाँ अपनी पत्तियों के माध्यम से अतिरिक्त नमक का स्राव करती हैं, जबकि अन्य अपनी जड़ों में नमक के अवशोषण को अवरुद्ध करती हैं।
- मैंग्रोव पादपों में स्तंभ मूल (Prop Roots) और श्वसन मूल (Pneumatophores) जैसी विशेष जड़ें होती हैं, जो जल प्रवाह को बाधित करने में सहायता करती हैं तथा चुनौतीपूर्ण ज्वारीय वातावरण में सहायता प्रदान करती हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**8.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अकीरा रैनसमवेयर:** यह मैलिसियस सॉफ्टवेयर है जो डेटा सुरक्षा के लिये एक महत्त्वपूर्ण खतरा है। यह विंडोज़ और लिनक्स दोनों डिवाइसों को लक्षित करने के साथ ही डेटा को हैक करता है और उसे रिकवर करने के लिये भुगतान की मांग करता है।
- **अकीरा रैनसमवेयर की मुख्य विशेषताएँ:**
  - इसे डेटा को एन्क्रिप्ट करने और एन्क्रिप्टेड फाइल नामों के साथ ".akira" जोड़कर रैनसमवेयर संदेश प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - यह एन्क्रिप्शन के दौरान आने वाले व्यवधान को रोकने के लिये विंडोज शैडो वॉल्यूम की प्रतियों को हटाने और विंडोज सेवाओं को बंद करने में सक्षम है।
  - यह डिवाइसों को प्रभावित करने के लिये VPN सेवाओं और मैलिसियस फाइलों के माध्यम से हैकिंग करता है, जिससे इसका पता लगाना और रोकना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। **अतः विकल्प D सही उत्तर है।**

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना तथा भारतीय वायु सेना के विमानों ने हाल ही में दक्षिणी हिंद महासागर में ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (Keeling) द्वीप (CKI) का दौरा किया, जिससे हिंद महासागर में भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच रणनीतिक पहुँच एवं अंतर-संचालनीयता मज़बूत हुई। **अतः विकल्प B सही है।**




नोट :

10.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India-TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - TRAI की संरचना:
  - TRAI में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
  - TRAI के कार्य:
  - दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिए टैरिफ का निर्धारण/संशोधन शामिल है, जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे।
  - सेवा की गुणवत्ता और टैरिफ में पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
  - नीतिगत मामलों और लाइसेंसिंग मुद्दों पर सरकार को सलाह देना **अत: कथन 2 सही है।**
- TRAI की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

- उत्तर और दक्षिण के बीच दबाव प्रवणता के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाएँ प्रायद्वीपीय क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर बहती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- दक्षिण-पश्चिम मानसून में नमीयुक्त हवा दक्षिण-पश्चिम से तिब्बती पठार तक पहुँचती है, पठार की अधिक ऊँचाई के कारण ऊपर की ओर बढ़ती है और संघनित होती है जिससे बादलों का निर्माण होता है तथा अंतत: वर्षा होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **खरीफ फसलें:**
  - खरीफ फसलों की बुवाई मानसून के दौरान जून से अक्तूबर तक की जाती है और देर से गर्मियों या शरद ऋतु की शुरुआत में काटा जाता है।
  - वे सिंचाई और विकास के लिये दक्षिण-पश्चिम मानसून पर निर्भर हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - प्रमुख खरीफ फसलों में चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी, मूँगफली और दालें जैसे- अरहर और हरा चना शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - वे भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन का लगभग 55% हिस्सा हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रबी फसलें:**
  - इन फसलों को मानसून के पुनरागमन और पूर्वोत्तर मानसून के मौसम के आसपास बोया जाता है, जिनकी बुवाई अक्तूबर में शुरू होती है तथा इन्हें रबी या शीतकालीन फसलें कहा जाता है।
  - इन फसलों की कटाई आमतौर पर गर्मियों के मौसम में अप्रैल और मई के दौरान होती है।
  - प्रमुख रबी फसलें गेहूँ, चना, मटर, जौ आदि हैं।
  - बीज के अंकुरण के लिये गर्म जलवायु और फसलों की वृद्धि के लिये ठंडी जलवायु की आवश्यकता होती है।

13.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## कोशिका-मुक्त या सेल-फ्री डीएनए (cfDNA):

- **परिचय:**
  - cfDNA, DNA के उन टुकड़ों को संदर्भित करता है जो कोशिकाओं के बाहर, विशेष रूप से शरीर के विभिन्न तरल पदार्थों में मौजूद होते हैं। अधिकांश DNA के विपरीत जो कोशिकाओं के भीतर घिरा होता है।
  - हालाँकि cfDNA के बारे में वैज्ञानिक वर्ष 1948 से ही जानते हैं लेकिन पिछले दो दशकों में वे यह समझ पाए हैं कि इसके साथ क्या किया जाए।
  - cfDNA को कोशिका मृत्यु या अन्य सेलुलर प्रक्रियाओं सहित विभिन्न परिस्थितियों में बाह्य कोशिकीय वातावरण में जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इन cfDNA टुकड़ों में आनुवंशिक सूचना होती है और ये किसी व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति, संभावित बीमारियों और आनुवंशिक विविधताओं के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।
- **अनुप्रयोग:**
  - गैर-आक्रामक प्रसव-पूर्व परीक्षण (Non-Invasive Prenatal Testing- NIPT)
    - कोशिका-मुक्त DNA विकासशील भ्रूणों में डाउन सिंड्रोम (Down Syndrome) जैसे गुणसूत्र संबंधी असामान्यताओं की जाँच के लिये एक मूल्यवान उपकरण के रूप में कार्य करता है।
    - एमनियोसेंटेसिस जैसी प्रक्रियाओं के स्थान पर NIPT के उपयोग से गर्भवती माताओं और भ्रूण दोनों के लिये जोखिम कम हो जाता है।
    - मातृ रक्त के cfDNA का विश्लेषण भ्रूण के आनुवंशिक स्वास्थ्य के बारे में अहम जानकारी प्रदान करता है।
  - प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान:
    - शीघ्र उपचार के लिये प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान।
    - 'जेमिनी (GEMINI)' परीक्षण उच्च सटीकता के साथ फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने के लिये cfDNA अनुक्रमण का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - cfDNA विश्लेषण और मौजूदा तरीकों के संयुक्त उपयोग से कैंसर का पता लगाने में बेहतर सहायता मिल सकती है।

14.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कृषि अवसंरचना कोष (AIF):**
  - आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जुलाई 2020 में 1 लाख करोड़ रुपए का कृषि अवसंरचना कोष बनाया गया था।
  - AIF, क्रेडिट गारंटी और ब्याज अनुदान के माध्यम से सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों एवं फसल की कटाई के बाद कृषि प्रबंधन की सतत् परियोजनाओं में निवेश की एक मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा है। **अतः कथन 1 सही है।**

## खाद्य तेल-ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन (NMEO-OP):

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। इसे मूलतः उत्तर-पूर्वी राज्यों और अंडमान-निकोबार द्वीपों पर ध्यान केंद्रित करने तथा खाद्य तेलों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिये शुरू किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अभियान वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक संचालित किया जाएगा, जो अगले 5 वर्षों में पाम ऑयल वृक्षारोपण के तहत उत्तर-पूर्वी राज्यों के 3.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल और शेष भारत के 3.22 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल अर्थात् कुल 6.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल को कवर करेगा।

15.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Class- OBC), SC, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (Denotified, Nomadic and semi-Nomadic Tribe- DNT) तथा आर्थिक रूप से पिछड़ी जाति (Economically Backward Caste- EBC) की श्रेणियों के छात्रों के लिये 'पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना फॉर वाइब्रेंट इंडिया' (PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India- PM YASASVI) नामक एक व्यापक योजना लागू कर रहा है। अत: दोनों कथन सही नहीं हैं।

16.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शहरी बाढ़ के कारण:**

- जल निकासी प्रणालियों पर दबाव: भूमि की बढ़ती कीमतों और कम उपलब्धता के कारण निचले शहरी इलाकों में झीलों, आर्द्रभूमि और नदी तलों के दबाव के परिणामस्वरूप इस समस्या में वृद्धि हुई है।
- इसके लिये सामान्यत: प्राकृतिक अपवाह तंत्र को चौड़ा करना आवश्यक है ताकि तूफानी जल के उच्च प्रवाह को समायोजित किया जा सके।
- लेकिन वस्तुस्थिति इसके विपरीत है, इन प्राकृतिक अपवाह तंत्रों को चौड़ा करने के बजाय बड़े पैमाने पर इन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। परिणामस्वरूप उनकी अपवाह क्षमता कम हो गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति बनती है।

- जलवायु परिवर्तन: इसके कारण निम्न अवधि में भारी वर्षा की आवृत्ति में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप उच्च जल अपवाह की स्थिति बनती है।
  - जब भी वर्षा-युक्त बादल अर्बन हीट आइलैंड के ऊपर से गुज़रते हैं तो वहाँ की गर्म हवा उन्हें ऊपर धकेल देती है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक स्थानीयकृत वर्षा होती है जो कभी-कभी उच्च तीव्रता के साथ भी हो सकती है।
- बिना पूर्व चेतावनी बाँधों से जल छोड़ना: बाँधों और झीलों से अनियोजित तरीके से और अचानक जल छोड़े जाने से भी शहरी क्षेत्र में बाढ़ आती है, जहाँ लोगों को बचाव उपाय के लिये पर्याप्त समय भी नहीं मिल पाता है।
  - उदाहरण के लिये चेंबरमबक्कम झील से जल छोड़े जाने के कारण वर्ष 2015 में चेन्नई में बाढ़ आई थी।
  - हथनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़े गए 2 लाख क्यूसेक जल के कारण जुलाई 2023 में दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी।
- अवैध खनन: भवन निर्माण में उपयोग के लिये नदी की रेत और क्वार्टजाइट के अवैध खनन के कारण नदियों एवं झीलों का प्राकृतिक तल नष्ट हो जाता है।
  - इस कारण मृदा अपरदन होता है और यह जल प्रवाह की गति एवं पैमाने में वृद्धि करते हुए जलाशय की जलधारण क्षमता को कम करता है।
  - उदाहरणत: जयसमंद झील- जोधपुर, कावेरी नदी- तमिलनाडु।
  - उपर्युक्त सभी शहरी बाढ़ के कारण हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

17.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008

- यह अधिनियम असंगठित श्रमिकों को उन लोगों के रूप में परिभाषित करता है जो बिना किसी नियमित रोज़गार या सामाजिक सुरक्षा लाभ के अनौपचारिक क्षेत्र या घरों में काम करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह अधिनियम केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा लाभ, जैसे- जीवन एवं विकलांगता सुविधा, स्वास्थ्य तथा मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा, शिक्षा, आवास आदि प्रदान करने के लिये योजनाएँ बनाने का अधिकार देता है।
- यह अधिनियम असंगठित श्रमिकों के लिये एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड और राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के गठन का भी प्रावधान करता है, जो योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सलाह देने के साथ उनकी निगरानी करेगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम में ज़िला प्रशासन द्वारा असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण और उन्हें पहचान पत्र जारी करने का प्रावधान है।
- इस अधिनियम में सूचना प्रदान करने और योजनाओं तक पहुँच को सुविधाजनक बनाने हेतु श्रमिक सुविधा केंद्रों की स्थापना का भी प्रावधान है।

**18.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सेमीकंडक्टर वे सामग्रियाँ हैं जिनमें कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच चालकता होती है। वे शुद्ध तत्त्व (सिलिकॉन और जर्मेनियम) या यौगिक (गैलियम, आर्सेनाइड और कैडमियम सेलेनाइड) हो सकते हैं । **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत चीन, ताइवान, अमेरिका और जापान से सेमीकंडक्टर चिप्स आयात करता है लेकिन ईरान से नहीं। **अत: विकल्प 2 सही नहीं है।**
- भारत सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) को इलेक्ट्रॉनिक्स और IT मंत्रालय (MeitY) के तत्त्वावधान में 76,000 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**19.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने तंबाकू नियंत्रण उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट MPOWER उपायों (तंबाकू के उपयोग तथा स्वास्थ्य पर इसके हानिकारक प्रभावों से निपटने हेतु WHO द्वारा विकसित रणनीतियों का एक समूह) की शुरुआत के बाद से विश्व स्तर पर हुई प्रगति का मूल्यांकन करती है।
- 'MPOWER' रणनीतियों में शामिल हैं:
  - M: तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी करना
  - P: लोगों को तंबाकू के धुएँ से बचाना
  - O: धूम्रपान छोड़ने के लिये सहायता प्रदान करना
  - W: तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना
  - E: तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लगाना
  - R: तंबाकू पर कर बढ़ाना **अत: विकल्प C सही है।**

**20.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021-22 के लिये राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey- PLFS) रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021-22 में बेरोज़गारी दर 4.1% थी।
  - **अत: कथन 1 सही है।**
  - EPFO की वार्षिक रिपोर्ट में हाल के वर्षों में लगातार PF योगदान वाले नियमित योगदानकर्त्ताओं की संख्या में स्थिरता या गिरावट देखी गई है।
  - वर्ष 2012 से 2022 के बीच EPF में नियमित योगदानकर्त्ताओं की संख्या 30.9 मिलियन से बढ़कर 46.3 मिलियन हो गई।

नोट :

- वर्ष 2017 और 2022 के बीच नियमित योगदानकर्त्ताओं की संख्या 45.11 मिलियन से बढ़कर केवल 46.33 मिलियन हुई, जो इस अवधि के दौरान विकास में मंदी को दर्शाता है।

Chart 1 | The chart shows the number of regular contributors (in million) to the scheme






Chart 2 | The chart shows the overall enrolments and the number of regular contributors in millions. In the past five years, regular contributors increased by 1.2 million but the total number of EPF enrolments increased by around 67 million




- उपर्युक्त चार्ट से प्रदर्शित है कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच नियमित योगदान में वृद्धि हुई, वर्ष 2017 से 2019 तक गिरावट आई। इससे पता चलता है कि नियमित योगदान सुसंगत नहीं था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

21.

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- **विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ):**
  - प्रत्येक तटवर्त्ती राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे और उसके निकट एक EEZ का दावा कर सकता है जो उसकी समुद्री सीमा रेखा से 200 समुद्री मील तक विस्तृत होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एक तटवर्त्ती राज्य को अपने EEZ में:
    - समुद्री तल और उपमृदा के प्राकृतिक संसाधन चाहे वे जीवित हों या निर्जीव की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार है।
    - जल, धाराओं और वायु से ऊर्जा उत्पादन जैसी गतिविधियाँ करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - क्षेत्रीय समुद्र और सन्निहित क्षेत्र के विपरीत EEZ केवल उपर्युक्त संसाधन पर अधिकारों की अनुमति देता है। यह किसी तटीय राज्य को बहुत सीमित अपवादों के अधीन नेविगेशन या ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित या सीमित करने का अधिकार नहीं देता है।

नोट :

22.

उत्तर: C

व्याख्या:

## अमृत मिशन:

- **लॉन्च:** जून 2015
- **संबंधित मंत्रालय:** आवास और शहरी मामले
- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उद्देश्य:**
  - हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ नल की पहुँच को सुनिश्चित करना। **अत: कथन 2 सही है।**
    - मिशन का प्राथमिकता क्षेत्र सीवरेज के बाद जल आपूर्ति है।
  - हरियाली वाले और सुव्यवस्थित खुले स्थानों (जैसे पार्क) का विकास करके शहरों में सुविधाओं को बढ़ाना।
  - सार्वजनिक परिवहन या गैर-मोटर चालित परिवहन (जैसे पैदल और साइकिल चलाना) के लिये सुविधाओं का निर्माण करके प्रदूषण को कम करना।
- **अवयव:**
  - क्षमता निर्माण, सुधार कार्यान्वयन, जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, तूफान जल निकासी, शहरी परिवहन और हरित स्थानों और पार्कों का विकास।
    - सुधारों का उद्देश्य नागरिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार करना, लागत को कम करना, वित्तपोषण में सुधार, संसाधन और पारदर्शिता बढ़ाना है। इसमें स्ट्रीट लाइटों को LED लाइटों से बदलना भी शामिल है।

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सरकार और सरकारी उपक्रमों के लंबित अनुबंधात्मक विवादों के प्रभावी ढंग से निपटाने हेतु "विवाद से विश्वास II" योजना शुरू की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2023-24 में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य अनुबंधात्मक विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिये एक मंच प्रदान करना, सरकार के साथ व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना और देश में नए निवेश को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल पर ऑनलाइन कार्यक्षमता के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- न्यायमूर्ति जी. रोहिणी की अध्यक्षता वाले आयोग ने लगभग छह वर्ष बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की जातियों के उप-वर्गीकरण के लिये लंबे समय से प्रतीक्षित रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को सौंप दी। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि सिफारिशों का विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है और उम्मीद है कि सरकार किसी भी कार्यान्वयन से पूर्व रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करेगी।
- इस आयोग का गठन 2 अक्तूबर , 2017 को संविधान के अनुच्छेद 340 (पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जाँच के लिये आयोग नियुक्त करने की राष्ट्रपति की शक्ति) के तहत किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ISFR 2021 के नवीनतम आकलन के अनुसार, भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण 8,09,537 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 24.62% है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह ISFR 2019 के मूल्यांकन की तुलना में 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि और वन संरक्षण प्रयासों में सकारात्मक प्रगति का संकेत देता है।
- प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority- CAMPA) वर्ष 2002 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर स्थापित एक संस्था है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - CAMPA प्रतिपूरक वनीकरण गतिविधियों की निगरानी, तकनीकी सहायता और मूल्यांकन के लिये केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के रूप में काम करता है।
    - CAMPA का उद्देश्य गैर-वन उपयोगों के लिये निर्धारित की गई वन भूमि की क्षतिपूर्ति के एक तरीके के रूप में वनीकरण गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

**26.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गन्ना:**

- **तापमान:** गर्म और आर्द्र जलवायु के साथ 21-27°C के बीच।
- **वर्षा:** लगभग 75-100 सेमी.।
- **मिट्टी का प्रकार:** गहरी समृद्ध दोमट मिट्टी।
    - इसे बलुई दोमट से लेकर चिकनी दोमट मिट्टी तक सभी प्रकार की मृदा में उगाया जा सकता है क्योंकि इसके लिये अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है।
- **शीर्ष गन्ना उत्पादक राज्य:** उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार। **अतः कथन 2 सही है।**
    - ब्राज़ील के बाद भारत गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह चीनी, खांडसारी, गुड़ और शीरे का मुख्य स्रोत है।
- उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य है, चीनी मिलें किसानों से गन्ने की खरीद इस मूल्य पर करने को बाध्य हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**POCSO अधिनियम:**

- **परिचय:**
    - POCSO अधिनियम 14 नवंबर, 2012 को लागू हुआ, जो वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इस विशेष कानून का उद्देश्य बच्चों के यौन शोषण और यौन उत्पीड़न के अपराधों को संबोधित करना है, जिन्हें या तो विशेष रूप से परिभाषित नहीं किया गया या पर्याप्त रूप से दंड का प्रावधान नहीं किया गया है।

नोट :

- यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करता है। अधिनियम अपराध की गंभीरता के अनुसार सज़ा का प्रावधान करता है।

- **विशेषताएँ:**
  - लिंग-निष्पक्ष प्रकृति::
    - अधिनियम के अनुसार, लड़के और लड़कियाँ दोनों यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और पीड़ित के लिंग की परवाह किये बिना ऐसा दुर्व्यवहार एक अपराध है।
  - शर्तों की स्पष्ट परिभाषा:
    - बाल पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री के संग्रहण को एक नया अपराध बना दिया गया है।
    - इसके अलावा 'यौन उत्पीड़न' के अपराध को भारतीय दंड संहिता में 'महिला की लज्जा भंग करने' की अमूर्त परिभाषा के विपरीत स्पष्ट शब्दों में (बढ़ी हुई न्यूनतम सज़ा के साथ) परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **POCSO नियम 2020:**
  - अंतरिम मुआवज़ा और विशेष राहत:
    - POCSO नियमों का नियम-9 विशेष अदालत को FIR दर्ज होने के बाद बच्चे के लिये राहत या पुनर्वास से संबंधित ज़रूरतों हेतु अंतरिम मुआवज़े का आदेश देने की अनुमति देता है। यह मुआवज़ा अंतिम मुआवज़े (यदि कोई हो) के विरुद्ध समायोजित किया जाता है।
  - विशेष राहत का तत्काल भुगतान:
    - POCSO नियमों के अंर्तगत बाल कल्याण समिति (CWC) ज़िला कानूनी सेवा प्राधिकरण (DLSA), ज़िला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) या फंड का उपयोग करके भोजन, कपड़े और परिवहन जैसी आवश्यक ज़रूरतों के लिये तत्काल भुगतान की सिफारिश कर सकती है। इसे किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत बनाए रखा गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - भुगतान CWC की अनुशंसा प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर किया जाना चाहिये।

**28.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- दक्षिण कोरियाई वैज्ञानिकों के एक समूह ने हाल ही में एक ऐसी सामग्री की खोज का दावा किया है जो कमरे के तापमान और दबाव पर एक सुपरकंडक्टर के गुणों को प्रदर्शित करती है, जिसे उन्होंने LK-99 नाम दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सुपरकंडक्टर्स ऐसी सामग्रियाँ हैं जो बेहद कम तापमान पर ठंडा होने पर शून्य विद्युत प्रतिरोध प्रदर्शित करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह गुण उन्हें बिना ऊर्जा क्षति के विद्युत् संचालित करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कथन 1 सही है, हिमालयी गिद्ध मुख्य रूप से हिमालय पर्वत श्रृंखला की ऊँची चोटियों एवं घाटियों में निवास करता है।
  - यह भारतीय मैदानी क्षेत्रों में होने वाला एक सामान्य शीतकालीन प्रवासी है।
- इसका वितरण भारत, नेपाल, भूटान तथा चीन सहित कई देशों में हैं, जहाँ यह कठिन ऊँचाई वाली परिस्थितियों में फलता-फूलता है। **अतः कथन-I सही है।**
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट: संकटापन्न। अत: कथन - II सही नहीं है। **अतः विकल्प C सही है।**

30.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन (NIDHI)**

- **परिचय:**
  - NIDHI एक अभूतपूर्व पहल है जिसे नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप का समर्थन करने और भारत में एक संपन्न उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - NIDHI में विभिन्न घटक शामिल हैं जो देश भर में नवाचार-संचालित उद्यमों को बढ़ावा देने और उनमें तेज़ी लाने के लिये एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करते हैं।
- **निधि कार्यक्रम के घटक:**
  - NIDHI-PRAYAS (युवा और महत्त्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना और उनमें तेज़ी लाना)
  - NIDHI एंटरप्रेन्योर्स-इन-रेज़िडेंस (EIR) कार्यक्रम
  - NIDHI बीज सहायता कार्यक्रम
  - NIDHI त्वरक कार्यक्रम
  - टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (TBI) और उत्कृष्टता केंद्र (CoE)
  - NIDHI-समावेशी प्रौद्योगिकी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (iTBI) कार्यक्रम **अत: विकल्प D सही उत्तर है।**

31.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**


- 'देविका नदी कायाकल्प परियोजना' राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- देविका नदी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले में पहाड़ी शुद्ध महादेव मंदिर से निकलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- देविका नदी पश्चिमी पंजाब (अब पाकिस्तान में) की ओर बहती है जहाँ यह रावी नदी में मिल जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

32.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नाइजर पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक भूमि से घिरा देश है, जिसकी सीमा अल्जीरिया, लीबिया, चाड, नाइजीरिया, बेनिन, बुर्किना फासो और माली से लगती है। **अत:, विकल्प C सही है।**




33.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:** हाल ही में भारत के विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने घोषणा की है कि वह 1 नवंबर, 2023 से हार्मोनाइज़्ड सिस्टम ऑफ नॉमेनक्लेचर ('नामकरण की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली') कोड 8471 के तहत वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए लैपटॉप, कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों (Components) के आयात को प्रतिबंधित कर देगा। यह प्रतिबंध बैगेज नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा।

- HSN एक ऐसी प्रणाली है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कारोबार किये जाने वाले प्रत्येक उत्पाद के लिये एक अद्वितीय कोड निर्दिष्ट करती है। **अतः विकल्प A सही है।**
- HSN कोड का उपयोग विश्व के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा आयातित वस्तुओं पर टैरिफ की पहचान एवं आकलन करने के लिये किया जाता है।
  - इसका उपयोग व्यापारियों तथा निर्यातकों द्वारा अपने उत्पाद की घोषणा एवं उत्पत्ति के नियमों का अनुपालन करने के लिये भी किया जाता है.
- HSN कोड विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO) द्वारा वर्ष 1988 में विकसित किया गया था, साथ ही इसे प्रत्येक पाँच वर्ष में अद्यतन किया जाता है।

34.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) कच्चे तेल के वे भंडार हैं जिन्हें भू-राजनीतिक अनिश्चितता या आपूर्ति व्यवधान के समय में कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु देशों द्वारा बनाए रखा जाता है। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- देश की वृद्धि और विकास के लिये ऐसी भूमिगत भंडारण सुविधाएँ ऊर्जा संसाधनों के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- विश्व में सबसे बड़े वैश्विक सामरिक पेट्रोलियम भंडार हैं:
  - संयुक्त राज्य अमेरिका- 714 मिलियन बैरल
  - चीन- 475 मिलियन बैरल
  - जापान- 324 मिलियन बैरल **अतः कथन-II सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्तूबर 2011 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारत नेट प्रोजेक्ट कर दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख मिशन भी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्रिप्स मिशन द्वारा केवल एक प्रभुत्त्व राज्य का दर्जा देने के सीमित उद्देश्य की प्रतिक्रिया में भारतीय नेता एक आंदोलन शुरू करने के लिये सहमत हुए, जिसे भारत छोड़ो आंदोलन के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - कैबिनेट मिशन योजना 16 मई, 1946 को कैबिनेट मिशन और वायसराय, लॉर्ड वेवेल द्वारा दिया गया एक बयान था, जिसमें भारतीय राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों के बीच एक समझौते पर सहमति न बनने के मद्देनज़र भारत के संवैधानिक भविष्य के बारे में प्रस्ताव शामिल थे।
- 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी ने मुंबई में अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस समिति के सत्र में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया और भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - गांधीजी ने गोवालिया टैंक मैदान, जिसे अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है, में दिये अपने भाषण में "करो या मरो" का आह्वान किया था।
- क्विट इंडिया मूवमेंट (Quit India Movement), जिसे अगस्त आंदोलन या भारत छोड़ो आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है, भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को समाप्त करने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण नागरिक अवज्ञा आंदोलन था।
- 'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहरअली द्वारा दिया गया था जो एक समाजवादी और ट्रेड यूनियनवादी थे, जिन्होंने मुंबई के मेयर के रूप में भी काम किया था। मेहरअली ने "साइमन गो बैक (Simon Go Back)" का नारा भी दिया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने पहले राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है, जिससे 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को मृत दाताओं से प्रत्यारोपण के लिये अंग प्राप्त करने की अनुमति मिल गई है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **नए राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशों की मुख्य विशेषताएँ:**
  - आयु सीमा समाप्त करना:
    - जीवन प्रत्याशा में सुधार के कारण अंग प्राप्तकर्त्ताओं के लिये आयु सीमा समाप्त कर दी गई।
    - राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (National Organ and Tissue Transplant Organization- NOTTO) के दिशा-निर्देशों ने पहले 65 वर्ष से अधिक आयु वाले रोगियों को अंग प्रत्यारोपण के लिये पंजीकरण करने से रोक दिया था।
  - अधिवास की आवश्यकता न होना:
    - अंग प्राप्तकर्त्ता पंजीकरण के लिये अधिवास की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया।
    - 'एक राष्ट्र, एक नीति (One Nation, One Policy)' दृष्टिकोण रोगियों को किसी भी राज्य में अंग प्रत्यारोपण के लिये पंजीकरण करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - कोई पंजीकरण शुल्क न होना:
    - अंग प्राप्तकर्त्ता के पंजीकरण के लिये पंजीकरण शुल्क समाप्त कर दिया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र और केरल राज्य अब रोगी पंजीकरण के लिये शुल्क नहीं लेते हैं।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## भारतीय रेलवे के बारे में कुछ मुख्य तथ्य:

- **विरासत के 169 वर्ष:**
  - भारतीय रेलवे की स्थापना 16 अप्रैल, 1853 को हुई थी। उद्घाटन यात्री ट्रेन ने मुंबई के बोरी-बंदर और ठाणे के बीच 34 किलोमीटर का मार्ग तय किया।
- **अद्वितीय शुभंकर:**
  - भारतीय रेलवे का अपना शुभंकर 'भोलू' नामक शुभंकर है, जिसे वर्ष 2002 में राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान द्वारा बनाया गया था। भोलू रेलवे गार्ड की पोशाक पहने एक हाथी है, जिसे रेलवे की 150वीं वर्षगाँठ पर पेश किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क:
  - भारतीय रेलवे विश्व के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क के रूप में है, जिसकी ट्रैक की लंबाई 67,368 किमी. है। केवल अमेरिका, चीन और रूस के पास इससे बड़ा नेटवर्क है। यह एकल प्रशासन के तहत प्रबंधित विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो 115,000 किमी. तक फैला है।
  - यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल:
  - भारतीय रेलवे की चार संपत्तियों को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया है।
    - दार्जिलिंग हिमालयी रेल, मुंबई में छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, नीलगिरि पर्वतीय रेल और कालका-शिमला रेलवे।
  - **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **विश्व का सबसे ऊँचा रेल पुल:**
  - विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज चिनाब रेल ब्रिज भारत के धरोट, जम्मू और कश्मीर में स्थित है। **अतः कथन 3 सही है। अतः विकल्प (C) सही उत्तर है।**

नोट :

39.

उत्तर: A

व्याख्या:

**बायोमास पेलेट्स और कोयले की को-फायरिंग के लाभ:**

- कार्बन उत्सर्जन में कमी: बायोमास को-फायरिंग की अवधारणा जीवाश्म ईंधन के एक हिस्से को बायोमास के साथ प्रतिस्थापित करके ऊर्जा उत्पादन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर आधारित है, ऐसा माना जाता है कि यह प्रक्रिया अपने जीवनचक्र में कार्बन-तटस्थ (Carbon-Neutral) है।
- नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण: यह प्रक्रिया पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों (कोयला) के साथ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (बायोमास) को एकीकृत करने में मदद करती है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा मिश्रण की ओर संक्रमण में सहायता मिलती है।
- आर्थिक और विनियामक लाभ: को-फायरिंग से बिजली संयंत्रों को महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे में बदलाव की आवश्यकता के बिना पर्यावरणीय नियमों और कार्बन कटौती लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता प्राप्त हो सकती है।
- कोयले की गुणवत्ता में सुधार: बायोमास पेल्लेट्स के साथ कोयले की को-फायरिंग से कोयले की गुणवत्ता में प्रत्यक्ष तौर पर कोई सुधार नहीं होता है। **अतः विकल्प A सही उत्तर है।**

40.

उत्तर: D

व्याख्या:

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स**

- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, जिसे "यूनिवर्सियाड" के नाम से भी जाना जाता है, विशेष रूप से विश्वविद्यालय के एथलीटों के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल कार्यक्रम है।
  - यूनिवर्सियाड का आयोजन प्रति दो वर्ष में किया जाता है, साथ ही इसमें ओलंपिक खेलों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है।
  - **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका आयोजन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेडरेशन (International University Sports Federation- FISU) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन दोनों संस्करण शामिल हैं।
  - ग्रीष्मकालीन यूनिवर्सियाड में आमतौर पर एथलेटिक्स, तैराकी, बास्केटबॉल, सॉकर आदि खेल शामिल हैं।
  - जबकि विंटर यूनिवर्सियाड में स्कीइंग, आइस हॉकी, फिगर स्केटिंग तथा अन्य खेल शामिल हैं।

41.

उत्तर: B

व्याख्या:

**नगर वन योजना (NVY):**

- नगर वन योजना (शहरी वन योजना) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक प्रगतिशील पहल है। अतः कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में एक दूरदर्शी उद्देश्य के साथ की गई थी, इसके अंतर्गत नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पालिकाओं और शहरी स्थानीय निकायों वाले शहरों में 1000 नगर वनों (शहरी वन) का निर्माण कार्य शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह महत्त्वाकांक्षी पहल न केवल शहरी निवासियों के लिये एक समग्र और स्वस्थ रहने योग्य वातावरण को बढ़ावा देने हेतु डिज़ाइन की गई है, बल्कि इसका उद्देश्य स्वच्छ, हरित तथा अधिक धारणीय शहरी केंद्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देना भी है।

नोट :

42.

उत्तर: A

- इंटरपोल की स्थापना वर्ष 1923 में हुई थी और भारत वर्ष 1956 में इसमें शामिल हुआ। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इंटरपोल का मुख्यालय लियॉन, फ्राँस में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) एकेडमी, अपराध जाँच और कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण हेतु इंटरपोल ग्लोबल एकेडमी नेटवर्क में 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुई। यह महत्त्वपूर्ण कदम एकेडमी के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाता है, साथ ही प्रभावशाली संयुक्त पहल एवं क्षमता निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

# इंटरपोल

## परिचय

- **आधिकारिक नाम:** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (International Criminal Police Organization-ICPO: INTERPOL)
- **स्थापना:** वर्ष 1923
- **सदस्य राज्य:** 195
  - भारत वर्ष 1956 से इसका सदस्य है।
- **मुख्यालय:** लियॉन, फ्राँस
- यह एक **अंतर-सरकारी संगठन** है।




## उद्देश्य

- यह विभिन्न पुलिस बलों से प्राप्त सूचनाओं के संग्रह और प्रसार के माध्यम से दुनिया भर में पुलिस बलों की आपराधिक जाँच की सुविधा प्रदान करता है।
  - इसके पास गिरफ्तारी जैसी कानून प्रवर्तन शक्तियाँ नहीं हैं।

## संरचना

- **अध्यक्ष** (इंटरपोल का प्रमुख)- 4 वर्ष के लिये चुना जाता है।
- **महासचिव** (दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की देखरेख करता है) - 5 वर्ष के लिये चुना जाता है।
- **विशेष निदेशालय - साइबर अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, वित्तीय अपराध, पर्यावरण अपराध, मानव तस्करी आदि जैसे विशिष्ट मुद्दों से संबंधित है।**
- **महासभा:** सर्वोच्च शासी निकाय (वर्ष में एक बार बैठक)।
  - भारत ने वर्ष 2022 में इंटरपोल महासभा की मेजबानी की।

## इंटरपोल के नोटिस

- इंटरपोल द्वारा जारी किया जाने वाला नोटिस सदस्य देशों में पुलिस को अपराध से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा करने में सहयोग या अलर्ट (Alert) के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध होता है।

## इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (NCB)

- NCB, इंटरपोल के लिये नामित संपर्क बिंदु होते हैं।
- भारत का इंटरपोल NCB - **केंद्रीय अन्वेषण जाँच ब्यूरो (CBI)**

नोट :

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय बाँधों की स्थिति:**

- भारत में कुल 5745 बाँध हैं जिनमें से 5334 पूर्ण हो चुके हैं और 411 निर्माणाधीन हैं।
- बड़े बाँधों के निर्माण के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उत्तराखंड का टिहरी बाँध भागीरथी नदी पर बना भारत का सबसे ऊँचा बाँध है।
- ओडिशा में महानदी पर बना हीराकुंड बाँध भारत का सबसे लंबा बाँध है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- तमिलनाडु में कल्लनई बाँध भारत का सबसे पुराना बाँध है। यह कावेरी नदी पर बना है और लगभग 2000 वर्ष पुराना है।

**44.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**NEP 2020 के तहत प्रमुख पहलें:**

- **उभरते भारत के लिये PM स्कूल (SHRI):** PM-SHRI योजना का उद्देश्य न्यायसंगत, समावेशी और मनोरंजक स्कूली वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है।
  - यह देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों के उन्नयन और विकास के लिये सितंबर 2022 में शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
  - पीएम-श्री पहल के तहत स्कूलों को अपग्रेड करने के लिये 630 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
- **निपुण भारत:** 'बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल- निपुण' (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy- NIPUN) भारत मिशन का दृष्टिकोण मूलभूत साक्षरता तथा संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने हेतु एक सक्षम वातावरण बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 तक ग्रेड 3 के अंत तक पढ़ने, लिखने और संख्यात्मकता में वांछित सीखने की दक्षता हासिल कर सके।
- **पीएम ई-विद्या:** इस पहल का उद्देश्य दीक्षा जैसे विभिन्न ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान करके और देश भर के छात्रों को ई-पुस्तकें तथा ई-सामग्री प्रदान कर ऑनलाइन शिक्षा एवं डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा देना है।
- **NCF FS और जादुई पिटारा:** 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों हेतु खेल-आधारित अध्ययन की शिक्षण सामग्री हेतु मूलभूत चरण के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (National Curriculum Framework for Foundational Stag- NCF FS) और जादुई पिटारा शुरू की गई है।
- **निष्ठा:** 'नेशनल इनीसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलीस्टिक एडवांसमेंट' अर्थात् निष्ठा (National Initiative for School Heads and Teachers Holistic Advancement- NISHTHA) भारत में शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के लिये एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम है।
- नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर (NDEAR): यह वास्तुशिल्प संबंधी ब्लूप्रिंट है, जो शिक्षा से संबंधित डिजिटल प्रौद्योगिकी-आधारित अनु **अत: विकल्प D सही है।**

**45.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मंगल ग्रह**

- **परिचय:** मंगल हमारे सौर मंडल में सूर्य की ओर से चौथा ग्रह है। इसकी सतह पर आयरन ऑक्साइड (जंग) के कारण यह लाल रंग का दिखाई देता है जिससे इसे अक्सर "रेड प्लेनेट" कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- **वायुमंडल:** मंगल ग्रह का वातावरण मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड (95.3%) से बना है, जिसमें नाइट्रोजन और ऑर्गन के अंश भी हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **सतह की प्रमुख विशेषताएँ:**
  - ओलंपस मॉन्स: सौरमंडल का सबसे बड़ा ज्ञात ज्वालामुखी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - वैलेस मैरिनेरिस: एक विशाल घाटी प्रणाली।
  - पोलर आइस कैप्स: ध्रुवों पर जल और जमी हुई कार्बन डाइऑक्साइड (सूखी बर्फ) से बनी बर्फ की चोटियाँ।
  - धूल भरी सतह: इसकी सतह महीन धूल और चट्टानों से ढ़की हुई है।
  - तरल जल: यहाँ तरल जल दुर्लभ है, लेकिन साक्ष्यों से इसके विषय में पता चलता है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- QPM राजस्व को बढ़ाने, प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों की अनुकूलन क्षमता में सुधार करने और गुणवत्ता वाले कच्चे माल की बाज़ारों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये कृषि-वानिकी में एक आवश्यक निविष्टि (input) है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रोपण सामग्री की गुणवत्ता उसकी उत्पत्ति, विविधता और स्टॉक/भंडारण की प्रामाणिकता, वनस्पति विकास एवं स्वास्थ्य स्थिति से निर्धारित होती है।
- QPM प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है कि रोपण सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों को पूरा करती है और अभीष्ट/इच्छित उद्देश्य के लिये उपयुक्त है। **अत: कथन 1 सही है।**

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर होते हैं जिनकी विद्युत क्षमता 300 मेगावाट ( e ) प्रति यूनिट तक होती है, जो पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता का लगभग एक-तिहाई है। अत: कथन-I सही है।**

  - SMR बड़ी मात्रा में न्यून कार्बन वाली विद्युत का उत्पादन कर सकते हैं, जो इस प्रकार है:
- **स्मॉल:** भौतिक रूप से यह पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टर की तुलना में बहुत छोटे होते हैं।
- **मॉड्यूलर:** सिस्टम और घटकों को फैक्टरी में असेंबल करना और स्थापना के लिये एक इकाई के रूप में किसी स्थान पर ले जाना संभव बनाना।
- **रिएक्टर:** ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु ऊष्मा पैदा करने के लिये परमाणु विखंडन का उपयोग करना।
  - इनके डिज़ाइन में उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ शामिल हैं, जो अनियंत्रित रेडियोधर्मी सामग्री के निकलने के जोखिम को कम करती हैं। **अत: कथन-II सही नहीं है।**
- SMR को 90% से अधिक क्षमता कारकों के साथ 40-60 वर्षों तक संचालित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

### कपास के बारे में मुख्य तथ्य:

- यह खरीफ फसल है जिसे परिपक्व होने में 6 से 8 महीने का समय लगता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सूखा प्रतिरोधी फसल है जो शुष्क जलवायु के लिये आदर्श मानी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व की 2.1% कृषि योग्य भूमि कपास के अंतर्गत है और यह विश्व की वस्त्र आवश्यकताओं में 27% का योगदान करता है।

नोट :

- तापमान: 21-30 डिग्री सेल्सियस के बीच। **अत: कथन 3 सही है।**
- वर्षा: लगभग 50-100 से.मी.। अत: कथन 4 सही है।
  - मृदा का प्रकार: अच्छी अपवाह वाली काली कपास मृदा (Regur Soil)।
  - उदाहरण: दक्कन के पठार की मृदा।
  - उत्पाद: फाइबर, तेल और पशु चारा।
  - शीर्ष कपास उत्पादक देश: भारत> चीन> संयुक्त राज्य अमेरिका।
  - भारत में शीर्ष कपास उत्पादक राज्य: गुजरात> महाराष्ट्र> तेलंगाना > आंध्र प्रदेश> राजस्थान।
  - कपास की चार कृष्य प्रजातियाँ: गॉसिपियम अर्बोरियम (Gossypium arboreum), जी. हर्बेसम (G. herbaceum), जी. हिरसुटम (G. hirsutum) व जी.बारबडेंस (G. barbadense)
  - गॉसिपियम आर्बोरियम और जी. हर्बेसम को 'ओल्ड-वर्ल्ड कॉटन' या 'एशियाटिक कॉटन' के रूप में जाना जाता है।
  - जी. हिरसुटम को 'अमेरिकन कॉटन' या 'अपलैंड कॉटन' और जी. बारबडेंस को 'इजिप्शियन कॉटन' के रूप में भी जाना जाता है। ये दोनों नई वैश्विक कपास प्रजातियाँ हैं।
  - हाइब्रिड कॉटन: यह विभिन्न आनुवंशिक विशेषताओं वाले दो मूल पौधों के संक्रमण द्वारा बनाया गया कपास है। हाइब्रिड अक्सर प्रकृति में अनायास और बेतरतीब ढंग से निर्मित होते हैं जब खुले-परागण वाले पौधे अन्य संबंधित किस्मों के साथ स्वाभाविक रूप से पर-परागण करते हैं।
  - बीटी कॉटन: यह कपास की आनुवंशिक रूप से संशोधित कीट-प्रतिरोधी (Pest-Resistant) किस्म है।

**49.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)

- **परिचय:**
  - TRAI की 20 फरवरी 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 स्थापना द्वारा की गई थी।
- **संरचना:**
  - TRAI में एक अध्यक्ष तथा दो से अधिक पूर्णकालिक सदस्य और दो से अधिक अंशकालिक सदस्य नहीं होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कार्य:**
  - दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण अथवा संशोधन शामिल है, जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे।
  - सेवा की गुणवत्ता तथा टैरिफ में पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
  - सरकार को नीतिगत मामलों और लाइसेंस संबंधी मुद्दों पर सलाह देना।
    - TRAI की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अपीलीय प्राधिकरण:**
  - TRAI अधिनियम को 24 जनवरी, 2000 से प्रभावी एक अध्यादेश द्वारा संशोधित किया गया था, जिसमें TRAI से न्यायिक और विवाद कार्यों को संभालने के लिये एक दूरसंचार विवाद निपटान तथा अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) की स्थापना की गई थी।

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **भारतीय नौसेना:**
  - भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसकी अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत का राष्ट्रपति करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- 'शं नो वरुण:' अर्थात् 'जल के देवता वरुण हमारे लिये शुभ हों।'
  - भारतीय नौसेना के कुछ शुरुआती अभियानों में वर्ष 1961 में गोवा को पुर्तगाल से मुक्त कराने में उसका योगदान शामिल है।

  **यह पनडुब्बियों के तीन वर्गों का संचालन करती है: चक्र (इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाला आईएनएस चक्र है), सिंधुघोष और शिशुमार। अत: कथन 3 सही है।**
  - मरीन कमांडो या मार्कोस भारतीय नौसेना की विशेष बल इकाई है, जिसे युद्ध, आतंकवाद विरोधी, विशेष अभियानों, बंधक बचाव और असममित युद्ध का संचालन करने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है।

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में राष्ट्रीय विकास परिषद की कृषि उप-समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे मुख्य रूप से चावल, गेहूँ, दलहन जैसी लक्षित फसलों के उत्पादन में धारणीय वृद्धि के साथ कदन्न, पोषक अनाज और तिलहन तक विस्तारित किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने के लिये उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित, उत्पादित और किसानों को वितरित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

52.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आयुष्मान भारत-PMJAY एक पात्रता-आधारित योजना है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC), 2011 डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) को राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से PMJAY के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NHA ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को ऐसे अन्य डेटाबेस का उपयोग करने का विकल्प दिया है, जिनमें उन परिवारों को कवर करने के लिये लोगों की पृष्ठभूमि और आर्थिक स्थितियों के बारे में समान जानकारी है, जिन्हें SECC, 2011 में सत्यापित नहीं किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

53.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय नौसेना के दो जहाज़- INS विशाखापत्तनम और INS त्रिकंद द्विपक्षीय अभ्यास 'जायद तलवार' में हिस्सा लेने हेतु पोर्ट रशीद, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात गए।
  - इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री साझेदारी को बढ़ावा देना और क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों की आम समझ को बढ़ावा देना है।

नोट :

- दोनों देशों के बीच अन्य द्विपक्षीय अभ्यासों में शामिल हैं: इन-UAE बिलैट (द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास), डेज़र्ट ईगल- II (द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास) और एक्सरसाइज़ डेज़र्ट फ्लैग-VI।। **अतः विकल्प A सही है।**

**54.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- अप्रैल 2023 तक 42.8 गीगावाट (तटीय पवन) की स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता के साथ भारत चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी के बाद विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता राज्यः**
  - ज़मीनी स्तर से 120 मीटर ऊपर पवन ऊर्जा क्षमता (गीगावाट में):
- गुजरात (142.56), राजस्थान (127.75), कर्नाटक (124.15), महाराष्ट्र (98.21) और आंध्र प्रदेश (74.90)। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीतिः**
  - इसका उद्देश्य 7600 किमी. की भारतीय तटरेखा के साथ भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र में अपतटीय पवन ऊर्जा विकसित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**



**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रवर समिति:**

- प्रवर समितियाँ विशेष विधेयकों की जाँच और निरिक्षण करने के विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित तदर्थ या अस्थायी समितियों की एक श्रेणी है।
  - इसकी सदस्यता एक सदन के सांसदों तक सीमित है।
  - ये समितियाँ अपना निर्धारित कार्य पूर्ण होने पर भंग कर दी जाती हैं।
- हालाँकि अस्थायी, प्रवर समितियों को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएँ और नियम संसद की प्रक्रिया के नियमों में अच्छी तरह से परिभाषित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- **प्रवर समिति का गठन:**
  - इस समिति का गठन विधेयक के प्रभारी मंत्री या संसद के किसी सदस्य द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव के माध्यम से किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस प्रस्ताव को अपनाने के लिये सदन में प्रस्तुत किया जाता है। यदि इसे अपनाया जाता है, तो संदर्भित विधेयक पर विचार करने और रिपोर्ट देने के लिये समिति का गठन किया जाता है।
- **कोरम:**
  - प्रवर समिति की संरचना उसके उद्देश्य के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है। यह कुल सदस्यों की संख्या के एक-तिहाई के कोरम के साथ संचालित होता है।
- यदि मतों में समानता हो तो अध्यक्ष (पीठासीन) के पास निर्णायक मत होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- लसीका फाइलेरिया, जिसे आमतौर पर हाथीपाँव रोग (एलिफेंटियासिस) के रूप में जाना जाता है, परजीवी संक्रमण के कारण होने वाला एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (Neglected Tropical Disease- NTD) है जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - लसीका फाइलेरिया, फिलारियोडिडिया परिवार के नेमाटोड (राउंडवॉर्म) के रूप में वर्गीकृत परजीवियों के संक्रमण के कारण होता है।
  - लसीका फाइलेरिया संक्रमण में स्पर्शोन्मुख, तीव्र तथा गंभीर स्थितियाँ शामिल होती हैं।
  - गंभीर स्थितियों में इसमें लिम्फोएडेमा (ऊतक सूजन) या एलिफेंटियासिस (त्वचा/ऊतक का मोटा होना) एवं हाइड्रोसील (अंडकोश की सूजन) जैसे लक्षण देखे जाते हैं।
- भारत का लक्ष्य एक मिशन-संचालित रणनीति के माध्यम से वैश्विक लक्ष्य से तीन वर्ष पहले वर्ष 2027 तक लसीका फाइलेरिया का उन्मूलन करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**57.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अटल भूजल योजना 6000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्थायी भूजल प्रबंधन की सुविधा के लिये केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें से 3,000 करोड़ रुपए विश्व बैंक से लिया गया ऋण है और शेष 3,000 करोड़ रुपए का योगदान भारत सरकार द्वारा किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- अटल भूजल योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है।
- यह योजना जागरूकता पैदा करने, क्षमता निर्माण, विभिन्न योजनाओं के साथ तालमेल और बेहतर कृषि पद्धतियों पर केंद्रित है।
- हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की 8220 जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों से इस योजना की शुरुआत की जा रही है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्वास्थ्य और कल्याण सेलेब्रिटीज़ के लिये अतिरिक्त दिशा-निर्देश:**

- हाल ही में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत उपभोक्ता मामले विभाग ने स्वास्थ्य और तंदरुस्ती क्षेत्र से जुड़े सेलिब्रिटीज़, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर के लिये अतिरिक्त दिशा-निर्देश जारी किये हैं, इसके तहत स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुति/विज्ञापन करते समय उनके लिये अस्वीकरण प्रदान करना अनिवार्य कर दिया गया है।
- **स्वास्थ्य प्रमाणपत्रों का प्रकटीकरण:**
  - मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्रमाणित चिकित्सकों और स्वास्थ्य तथा फिटनेस विशेषज्ञों को जानकारी साझा करते समय उत्पादों या सेवाओं को बढ़ावा देने अथवा स्वास्थ्य संबंधी कोई भी दावा करते समय यह बताना अनिवार्य होगा कि वे प्रमाणित स्वास्थ्य/फिटनेस विशेषज्ञ और चिकित्सा व्यवसायी हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सामान्य स्वास्थ्य सलाह के लिये छूट:**
  - स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती से संबंधित सामान्य सलाह, जो विशिष्ट उत्पादों, सेवाओं, स्वास्थ्य स्थितियों या परिणामों से संबंधित नहीं है, इन नियमों से मुक्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - उदाहरण के लिये "पानी पिएँ और हाइड्रेटेड रहें," "नियमित रूप से व्यायाम करें" तथा "पर्याप्त नींद लें" जैसी सलाह हेतु छूट है।

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) योजना को जून 2023 में "प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान PM-USHA" के रूप में फिर से लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RUSA, एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में अक्तूबर 2013 में शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को रणनीतिक वित्तपोषण प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**60.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अपस्फीति मुद्रास्फीति के विपरीत है। यह अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के समग्र मूल्य स्तर में निरंतर और सामान्य कमी को संदर्भित करती है। **अतः कथन-I सही है।**
- अपस्फीति के दौरान उपभोक्ता समय के साथ समान राशि से अधिक सामान और सेवाएँ खरीद सकते हैं। **अतः कथन-II सही नहीं है।**